7.4.1

pdf

**राजकीय महाविद्यालय चुवाड़ी, तहसील भटियात, जिला चम्बा, हि.प्र के छात्र निधि लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन**

**अवधि 04/2018 से 03/2022**

**भाग-एक**

1. **(i) प्रस्तावना** :- अंकेक्षण अवधि के दौरान महाविद्यालय में निम्नलिखित प्राचार्य द्वारा आहरण एवं वितरण अधिकारी के रूप में कार्य किया :-

| क्रम सं0 | प्राचार्य का नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | डॉ. अरुणा शर्मा | 01.04.2018 से 11.07.2018 |
| 2. | श्रीमती शुभ्रा गुप्ता | 12.07.2018 से 08.11.2019 |
| 3. | श्री नन्द लाल | 09.11.2019 से 31.03.2022 |

**(ii) गम्भीर अनियमितताओं का सार :-**

| क्रम सं 0 | पैरा सं0 | विवरण | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1. | 5 | पुस्तकालय जमानत निधि के कम जमा करने बारे | 0.02 |
| 2. | 6 | निधियों का विलम्ब से जमा करना | विवरणानुसार |
| 3. | 9 | निविदाओं का पूल करना | 1.03 |
| 4. | 10 | जारी अग्रिम से सम्बन्धित समायोजित वाउचर न प्रस्तुत करना। | 0.20 |
| 5. | 11 | यात्रा भत्ते के रूप में अधिक भुगतान | 0.01 |
| 6. | 12 | पत्रिकाओं को छपवाने पर अधिक भुगतान | 0.07 |
| 7. | 14 | अनियमित भुगतान | 0.17 |

**(iii) गत अंकेक्षण प्रतिवेदन :-**

महाविद्यालय द्वारा गत अंकेक्षण प्रतिवेदनो पर की गई कार्यवाही उपरांत पैरों की नवीनतम स्थिति का विवरण **परिशिष्ट "क"** पर दिया गया है।

## भाग – दो

## 2 वर्तमान अंकेक्षण

राजकीय महाविद्यालय चुवाड़ी, जिला चम्बा के छात्र निधि लेखों का वर्तमान अंकेक्षण/जाँच परिक्षण अवधि 4/2018 से 3/2022 जिसके परिणाम अनुवर्ती अनुछेद में दिए गए है, श्री मुकेश कुमार स्नेही (सहायक नियन्त्रक) व श्री अभिषेक कुमार ,कनिष्ठ लेखा परीक्षक (19.11.22 तक) द्वारा दिनांक 10-11-2022 से 19-12-2018 तक के दौरान कार्यालय परिसर में किया गया। आय की विस्तृत जाँच के लिए माह 07/18, 07/19, 09/20, 08/21 व 11/16 तथा व्यय की विस्तृत जांच के लिए माह 09/18 , 09/19, 09/20 व 11/21 को चयनित किया गया।

इस अंकेक्षण प्रतिवेदन को संस्थान के प्राचार्य द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर तैयार किया गया है। राज्य लेखा परीक्षा विभाग उक्त संस्था द्वारा उपलब्ध करवाई गई किसी भी प्रकार कि गलत सूचना अथवा सूचना जो उपलब्ध नहीं करवाई गई की जिम्मेवारी लेने से इंकार करता है। अंकेक्षण की जिम्मेदारी केवल चयनित माह तक सीमित है।

## 3 अंकेक्षण शुल्क

महाविद्यालय के अवधि 4/2018 से 3/2022 के निधि लेखों के अंकेक्षण हेतु अंकेक्षण शुल्क निम्न विवरणानुसार ₹32000/-बनता है।

| वर्ष | वर्ष में प्राप्त आय | अंकेक्षण शुल्क |
|---|---|---|
| 2018-19 | 1902461 | 8000 |
| 2019-20 | 1525896 | 8000 |
| 2020-21 | 1263847 | 8000 |
| 2021-22 | 1595916 | 8000 |
| | **कुल जोड़** | **₹32000** |

उपरोक्त अंकेक्षण शुल्क की राशि को राजकीय कोष में जमा करवाने हेतु महाविद्यालय के प्राचार्य से अंकेक्षण अधियाचना संख्या 383 दिनांक 21-11-22 द्वारा अनुरोध किया गया। इस राशि को प्राचार्य द्वारा रेखांकित चेक संख्या संख्या 524426 दिनांक 21-11-22 के माध्यम से निदेशक, राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला-9 को भेज दिया है।

## 4 वित्तीय स्थिति

राजकीय महाविद्यालय चुवाड़ी द्वारा प्रस्तुत अवधि 04/2018 से 03/2022 के निधि लेखों से सम्बन्धित वित्तीय स्थिति का संकलित(consolidated) विवरण निम्न अनुसार व निधि बार वित्तीय स्थिति का अन्त शेष सहित विवरण **परिशिष्ट "ख"(पृष्ठ-1से 4)** पर वर्णित है।

| | प्रारम्भिक शेष | प्राप्त आय | ब्याज | कुल जोड़ | व्यय | निवेश हेतु हस्तांतरित राशि (सावधि जमा) | अन्त शेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 19 | 5153424.86 | 1902460.50 | 146256.88 | 7202142.24 | 1137699.00 | 3100000.00 | 2964443.24 |
| 20 | 2964443.24 | 1525896.00 | 173187.00 | 4663526.24 | 867614.00 | 0 | 3795912.24 |
| 21 | 3795912.24 | 1263847.00 | 129960.00 | 5189719.24 | 189102.00 | 0 | 5000617.24 |
| 22 | 5000617.24 | 1595916.00 | 111461.13 | 6707994.37 | 351636.00 | 0 | 6356358.37 |

**दिनांक 31-03-2022 को बैंक में जमा राशि :-**

| क्रम. सं | बैंक का नाम | खाता सं | निधि का नाम | राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | HPSCB | 18010101964 | मिश्रित निधि | 1706202.50 |
| 2. | HPSCB | 18010120505 | खेल निधि | 897020.00 |
| 3. | SBI | 11522428103 | पुस्तकालय निधि | 302465.38 |
| 4. | HPSCB | 18010104283 | विज्ञान प्रेक्टिकल निधि | 862821.50 |
| 5. | HPSCB | 18010122195 | रेडक्रास निधि | 134749.00 |
| 6. | SBI | 11522428090 | यूनिवर्सिटी निधि | 2101745.86 |
| 7. | SBI | 11522427799 | रेंज एंड रोवर्स निधि | 265428.13 |
| 8. | HPSCB | 18010120228 | एन. सी.सी. निधि | 86976.00 |
| | | | **कुल योग** | **6357408.37** |

अन्तर:- ₹6357408.37 -₹6356358.37= ₹1050

**अन्तर का कारण**

निम्न चैक जो की एन.सी. सी. निधि से भुगतान के लिए प्रस्तुत किए परन्तु दिनांक 31-03-2022 तक बैंक द्वारा भुगतान नहीं किए

| चैक सं० | दिनांक | राशि |
|---|---|---|
| 955415 | 17-01-22 | 1050 |

**सावधि जमा:-** ₹3590747/- **(परिशिष्ट 'ग')** के अनुसार इस राशि को रोकड़ बही में नहीं दर्शाया गया था जो लेखा नियमों के विरुद्ध है व अपने आप में ही एक गंभीर अनियमितता है जिसे रोकड़ बही में दर्शाया जाना सुनिश्चित किया जाए, जिससे किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा दुर्विनियोजन की सम्भावना न रहे ।

4. **(1) निवेश /सावधि जमा :-**

**(क)** राजकीय महाविद्यालय चुवाड़ी द्वारां दिनाकं 31.03.2022 तक विभिन्न छात्र निधियो से कुल ₹3590747/- का विभिन्न सावधि जमा योजनाओं में निवेश किया गया था, जिसका विवरण **परिशिष्ट – "ग"** पर दिया गया है।

**(ख)** अंकेक्षण द्वारा अभिलेख की जाँच करने पर पाया गया कि उक्त सावधि जमा निवेश का इन्द्राज रोकड़ बही में नहीं की गई थी जिस कारण निधियों की वास्तविक वित्तीय स्थिति की जाँच नहीं की जा सकी। अत: भविष्य में जिस निधि से निवेश किया जाए उस राशि की प्रविष्टि व प्राप्त ब्याज की राशि की प्रविष्टि सम्बन्धित रोकड़ बही में करना भी सुनिश्चित किया जाए ताकि निधि की वास्तविक वित्तीय स्थिति की जाँच करना सुनिश्चित किया जा सके व अनुपलाना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

5 **पुस्तकालय जमानत निधि के ₹0.02 लाख जमा न करना**

अंकेक्षण के दौरान जाँच में पाया गया कि दिनांक 24.09.2020 को 16 छात्रों से पुस्तकालय जमानत निधि के ₹100 प्रति दर से कुल ₹1600/- वसूले गए परन्तु इस राशि को सम्बन्धित निधि में जमा नहीं किया गया जो कि उचित नहीं था प्राचार्य के पत्र संख्या: शिक्षा – रा० महाविद्यालय –चुवाड़ी (लेखा )/2022 -289 दिनांक 09.01.23 द्वारा अवगत करवाया कि समस्त आपत्तियों का निपटारा आगामी अंकेक्षण में करवा दिया जायेगा उत्तर सन्तोषजनक नहीं था। अत: इस राशि को जमा न

करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा ₹1600 /- की राशि को उचित स्त्रोत से वसूल कर पुस्तकालय जमानत निधि में जमा किया जाए व अनुपालना से अकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**6 निधियों को विलम्ब से जमा करना**

अंकेक्षण के दौरान जाँच में पाया गया कि निम्नलिखित विवरणानुसार वसूली निधियों को विलम्ब से जमा किया गया जबकि नियमानुसार सरकारी राशियों को अगले कार्य दिवस पर बैंक में जमा करना अपेक्षित है :-

**(क)पुस्तकालय जमानत निधि :-**

| वसूली की अवधि | वसूली गई राशि | जमा करवाई राशि की तिथि |
|---|---|---|
| 23.06.18 से 26.06.18 | 1900 | 02.07.18 |
| 27.06.18 से 29.06.18 | 14700 | 02.07.18 |
| 30.06.18 | 10800 | 03.07.18 |
| 12.07.18 से 13.07.18 | 1900 | 16.07.18 |
| 14.07.18 से 18.07.18 | 5300 | 26.07.18 |
| 28.06.19 से 29.06.19 | 5300 | 03.07.19 |
| 29.06.19 से 01.07.19 | 5300 | 04.07.19 |
| 01.07.19 से 09.07.19 | 3700 | 12.07.19 |
| 09.07.19 से 15.07.19 | 4500 | 16.07.19 |
| 15.07.19 से 20.07.19 | 5300 | 23.07.19 |
| 23.08.21 से 24.08.21 | 1400 | 27.08.21 |

**(ख) मिश्रित निधि :-**

| | | |
|---|---|---|
| 23.06.18 से 27.06.18 | 33957 | 02.07.18 |
| 28.06.18 से 29.06.18 | 51107 | 02.07.18 |
| 30.06.18 | 40131 | 06.07.18 |
| 25.06.19 से 28.06.19 | 34300 | 02.07.19 |

**(ग) विज्ञान विषय निधि :-**

| | | |
|---|---|---|
| 23.06.18 से 26.06.18 | 10740 | 02.07.18 |
| 29.06.18 से 30.06.18 | 3150 | 07.07.18 |
| 30.06.18 | 16410 | 04.07.18 |

**(घ) खेल निधि :-**

| | | |
|---|---|---|
| 27.06.19 से 28.06.19 | 12000 | 02.07.18 |
| 29.06.19 | 12000 | 02.07.18 |

प्राचार्य के पत्र संख्या: शिक्षा – रा० महाविद्यालय –चुवाड़ी (लेखा )/2022 -289 दिनांक 09.01.23 द्वारा अवगत करवाया कि समस्त आपत्तियों का निपटारा आगामी अंकेक्षण में करवा दिया जायेगा। उत्तर सन्तोषजनक नहीं था। विलम्ब से निधियों को बैंक में जमा करने के कारण एक तो सरकारी राशि के दुरूपयोग से इन्कार नहीं किया जा सकता है व संस्था को ब्याज के रूप में की हानि हुई है। अत: निधियों को विलम्ब से जमा करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कार्यवाई करना सुनिश्चित किया जाए व भविष्य में इस प्रकार की त्रुटी न दोहराई जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

7 **जुर्माना विवरणियां न प्रस्तुत करने बारे**

अंकेक्षण के दौरान जाँच में सहायक प्रोफेसरों द्वारा महाविद्यालय में दी गई अंकेक्षण अवधि से सम्बन्धित जुर्माना विवरणीयां अंकेक्षण में आवश्यक जाँच हेतु प्रस्तुत नहीं की गई जिसके अभाव में वसूले गए जुर्मनि की सत्यता की पुष्टि अंकेक्षण द्वारा नहीं की जा सकी। अंकेक्षण अधियाचना सं : 392 दिनांक 03-12-2022 द्वारा प्राचार्य से उक्त अभिलेख माँगा गया परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया। अत: जुर्माना विवरणियों को प्रस्तुत न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवया जाए।

8 **प्रोस्पेक्ट्स बिक्री रजिस्टर अंकेक्षण में न प्रस्तुत करने बारे**

अंकेक्षण के दौरान प्रोस्पेक्ट्स की बिक्री से सम्बन्धित रजिस्टर आवश्यक जाँच हेतु प्रस्तुत नहीं किया गया जिसके अभाव में प्रोस्पेक्ट्स बिक्री से सम्बन्धित आय की पूर्ण रूप से जाँच नहीं की जा सकी। अंकेक्षण अधियाचना सं : 392 दिनांक 03-12-2022 द्वारा प्राचार्य से उक्त अभिलेख माँगा गया प्राचार्य के पत्र संख्या: शिक्षा – रा० महाविद्यालय –चुवाड़ी (लेखा)/2022 - 289 दिनांक 09.01.23 द्वारा अवगत करवाया कि समस्त आपत्तियों का निपटारा आगामी अंकेक्षण में करवा दिया जायेगा। उत्तर सन्तोषजनक नहीं था। अत: उक्त बारे स्थिति स्पष्ट की जाए व अंकेक्षण पर वांछित अभिलेख आवश्यक जाँच हेतु प्रस्तुत किया जाना भी सुनिश्चित किया जाए।

9 **निविदाओं को pool करने बारे:-**

निम्न लिखित बिल/वाउचरों कि जाँच करने पर पाया गया कि इनके अन्तर्गत की गई खरीद से सम्बन्धित निविदाओं पर दो फर्मों का दूरभाष न० एक ही है ऐसी स्थिति में निविदाओं को pool किये जाने की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है :-

**(क) मिश्रित निधि :-**

(i) वा.सं 44 माह 06/19 मै० गीता प्रिंटिंग प्रेस नूरपुर , ₹51000 (1500 प्रॉस्पेक्टस, 1500 छुट्टी फार्म व 1500 पहचान पत्र ) :-

| **फर्म का नाम** | | **दूरभाष/मोबाईल नं०** |
|---|---|---|
| **(1)मै०महालक्ष्मी ओफ़्सेट प्रिंटिंग प्रेस नूरपुर** | :- | **96256-33338** |
| **(2)मै० गणेश ओफ़्सेट प्रिंटिंग प्रेस नूरपुर** | **:-** | **यथोपरि** |
| (3)मै० गीता प्रिंटिंग प्रेस नूरपुर | :- | शून्य |

(ii)वा.सं. 482 माह 06/20 मै० **गणेश ओफ़्सेट प्रिंटिंग प्रेस** नूरपुर ,₹27125/-(171 मोमेंटो )

| | | |
|---|---|---|
| **(1)मै०महालक्ष्मी ओफ़्सेट प्रिंटिंग प्रेस नूरपुर** | :- | **96256-33338** |
| **(2)मै० गणेश ओफ़्सेट प्रिंटिंग प्रेस नूरपुर** | **:-** | **यथोपरि** |
| (3)मै० गणेश आर्ट नूरपुर | :- | शून्य |

(iii)वा.सं. शून्य माह 03/21 मै० **गणेश ओफ़्सेट प्रिंटिंग प्रेस** नूरपुर , ₹15000/-(10000 उत्तर पुस्तिकाएं)

**(1)मै०महालक्ष्मी ओफ़्सेट प्रिंटिंग प्रेस नूरपुर :- 96256-33338**

**(2)मै० गणेश ओफ़्सेट प्रिंटिंग प्रेस नूरपुर :- यथोपरि**

(3)मै० गणेश आर्ट नूरपुर :- शून्य

उक्त अनियमितता बारे अंकेक्षण अधियाचना सं 390 दिनांक 03-12-2022 द्वारा प्राचार्य को अवगत करवाया गया। प्राचार्य के पत्र संख्या: शिक्षा – रा० महाविद्यालय –चुवाड़ी (लेखा )/2022 -289 दिनांक 09.01.23 द्वारा अवगत करवाया कि समस्त आपत्तियों का निपटारा आगामी अंकेक्षण में करवा दिया जायेगा। उत्तर सन्तोषजनक नहीं था। उक्त विवरण से स्पष्ट है कि उक्त वाउचरों के अंतर्गत की गई खरीद से सम्बन्धित निविदाओं पर दो फर्मों या अधिकतर सभी फर्मो का दूरभाष न० एक ही था जिससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि निविदाओं को pool किया गया है या pool किये जाने की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता, जिसके कारण उक्त खरीदों में बाजारी प्रतिस्पर्धा का लाभ नहीं उठाया जा सका, जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाये। यह प्रकरण उच्च अधिकारियों के विशेष ध्यान में इस आशय के साथ लाया जाता है कि इस मामले की जाँच अपने स्तर पर की जानी सुनिश्चित की जाये कि इस खरीद में किसी प्रकार का अधिक भुगतान नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त उक्त अनियमितता को सक्षम अधिकारी की स्वीकृति लेने उपरांत नियमित करवाया जाये।

**10 अग्रिम के रूप में जारी की गई ₹0.20 लाख की राशि से सम्बन्धित समायोजित वाउचरों का न प्रस्तुत करना**

जाँच के दौरान पाया गया कि महाविद्यालय द्वारा विभिन्न सहायक प्रोफेसर को निम्न विवरणानुसार दी गई अग्रिम की ₹20000/- से सम्बन्धित समायोजन वाउचर आवयश्यक जाँच हेतु अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किए गये।

| वाउचर सं० | माह | सहायक प्रोफेसर का नाम | राशि | निधि का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 453 | 09 /19 | श्री अजय कुमार | 20000 | रोवर एन्ड रेंजर निधि |

हि.प्र. वित्त नियम की धारा 189(3) के अनुसार अग्रिम राशि के जारी की तिथि से 15 दिनों के भीतर समायोजित वाउचर व शेष राशि को जमा करवाना अपेक्षित था जबकि उक्त अग्रिम राशियों को जारी किए 3 वर्ष से अधिक का समय हो चुका है जोकि अतिगंभीर मामला है । प्राचार्य के पत्र संख्या: शिक्षा – रा० महाविद्यालय –चुवाड़ी (लेखा )/2022 -289 दिनांक 09.01.23 द्वारा अवगत करवाया कि समस्त आपत्तियों का निपटारा आगामी अंकेक्षण में करवा दिया जायेगा। उत्तर सन्तोषजनक नहीं था जोकि उच्च अधिकारियों के ध्यान में आवश्यक जाँच हेतु लाया जाता है । अत: उक्त ₹20000/- समायोजन वाउचरों को आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत किया जाए अन्यथा समायोजन वाउचरों की अनुपस्थिति में अग्रिम के रूप में दी गई उक्त राशि की वसूली उचित स्त्रोत से की जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**11 यात्रा भत्ता दावा के रूप में ₹0.02 लाख अधिक भुगतान करना**

निम्नलिखित यात्रा भत्ता दावों की जाँच करने पर पाया गया कि निम्नलिखित सह-आचार्यों व सहायक आचार्यों को वाउचर यात्रा दैनिकी की गलत गणना करने पर उनके यात्रा भत्ता दावों का अधिक भुगतान किया गया है जोकि अनियमित था।

| वाउचर सं/ माह | नाम व पद नाम | यात्रा भत्ता अवधि | किया गया भुगतान | अपेक्षित भुगतान | अधिक भुगतान | निधि का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 21माह 09/19 | श्री नन्द लाल,सह आचार्य शारीरिक शिक्षा | 03.09.19 से 06.09.19 | 1436 | 1332 | 104 | खेल निधि |
| 24 माह 09/19 | यथोपरि | 25.09.19 से 29.09.19 | 1676 | 1572 | 104 | यथोपरि |
| | श्री संजीव कुमार, सहायक आचार्य संगीत | 02.10.18 से 09.10.18 | 2814 | 2538 | 276 | मिश्रित निधि |
| 397 माह 10/18 | श्री अक्षय कुमार, सहायक आचार्य संगीत संगीत | 02.10.18 से 09.10.18 | 2814 | 2538 | 276 | यथोपरि |
| | श्री संजीव कुमार, सहायक आचार्य संगीत | 25.09.18 से 30.09.18 | 1218 | 1134 | 84 | यथोपरि |
| | श्री अक्षय कुमार, सहायक आचार्य | 25.09.18 से 30.09.18 | 1218 | 1134 | 84 | यथोपरि |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 398 माह 10/18 | संगीत | | | | | |
| | डॉ०, सहायक आचार्य ,मैथ | 25.09.18 से 30.09.18 | 1218 | 1134 | 84 | यथोपरि |
| 464 माह 09/19 | श्री संजीव कुमार, सहायक आचार्य संगीत | 16.09.19 से 199.10.18 | 2768 | 2492 | 276 | मिश्रित निधि |
| | श्री अक्षय कुमार, सहायक आचार्य संगीत संगीत | 16.09.19 से 199.10.18 | 27 68 | 24 | 276 | यथोपरि |
| 465 माह 09 /19 | श्री संजीव कुमार, सहायक आचार्य संगीत | 03.09.19 से 06.10.19 | 1496 | 1412 | 84 | यथोपरि |
| | श्री अक्षय कुमार, सहायक आचार्य संगीत | 03.09.19 से 06.10.19 | 1496 | 1412 | 84 | यथोपरि |
| | | | | | | |
| | | | | **कुल जोड़** | **1732** | |

उक्त अनियमितता बारे अंकेक्षण अधियाचना सं 391 दिनांक 03-12-2022 द्वारा प्राचार्य को अवगत करवाया गया प्राचार्य के प्रति उत्तर संख्या: शिक्षा – रा० महाविद्यालय – चुवाड़ी (लेखा )/2022 -289 दिनांक 09.01.23 द्वारा अवगत करवाया कि समस्त आपत्तियों का निपटारा आगामी अंकेक्षण में करवा दिया जायेगा। उत्तर सन्तोषजनक नहीं था। उक्त अधिक भुगतान का औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा अधिक भुगतान 1732/- की राशि को उचित स्त्रोत से वसूल कर सम्बन्धित निधियों में जमा किया जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए व भविष्य में नियमानुसार यात्रा भत्ता दावो का भुगतान कर इस प्रकार की त्रुटी न दोहराई जाना सुनिश्चित किया जाए।

**पत्रिकाओं के पृष्ठ कम छपवाने के परिणाम स्वरूप ₹0.07 लाख का अधिक भुगतान करना**

वाउचर संख्या 444 दिनांक 24.06.19 की जाँच करने पर पाया गया कि मै० गीता प्रिंटिंग प्रेस को वर्ष 2018-19 से सम्बन्धित **"वगीशा पत्रिका "** हेतु 800 पत्रिकाओं की आपूर्ति हेतु उनके बिल संख्या 82 दिनांक 22.06.19 के लिए ₹35960/- का भुगतान मिश्रित निधि से किया गया। अंकेक्षण द्वारा जाँच में पाया गया कि आपूर्ति आदेश संख्या: 159 /19 दिंनाक 23.03.19

में वर्णित शर्त अनुसार पत्रिका के कम से कम 80 पृष्ठ छपने अनिवार्य थे जबकि फर्म द्वारा केवल 64 पृष्ठ ही छापे गए, प्रत्येक पत्रिका के लिए महाविद्यालय कार्यालय द्वारा निविदा अनुसार 44.95 प्रति भुगतान किया गया जबकि 16 कम पृष्ठ प्रति पत्रिका हेतु 35.96(64/80 x 44.95 )x 800=28768 का भुगतान करना अपेक्षित था जोकि नहीं किया गया व परिणाम स्वरूप 35960-28768 = 7192 का अधिक भुगतान किया गया जोकि अनुचित था।

उक्त अनियमितता को अंकेक्षण अधियाचना संख्या 392 दिनांक 03-12-2022 द्वारा प्राचार्य को अवगत करवाया गया प्राचार्य के प्रतिउत्तर संख्या: शिक्षा – रा० महाविद्यालय –चुवाड़ी (लेखा )/2022 -289 दिनांक 09.01.23 द्वारा अवगत करवाया कि समस्त आपत्तियों का निपटारा आगामी अंकेक्षण में करवा दिया जायेगा उत्तर सन्तोषजनक नहीं था। अत: अधिक भुगतान का औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा उक्त अधिक भुगतान की राशि को उचित स्त्रोत से वसूली कर उक्त निधि में जमा किया जाये व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**13 स्टॉक प्रविष्टि न करना**

हिमाचल प्रदेश वित्त नियमावली 2009 के नियम 135 के अनुसार प्रत्येक खरीद की स्टॉक प्रविष्टि स्टॉक रजिस्टर में करना अनिवार्य है जाँच में पाया गया कि निम्नलिखित सामान ख़रीदा गया परन्तु ख़रीदे गए सामान की स्टॉक प्रविष्टि को अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया जिसके अभाव में अंकेक्षण द्वारा खरीद की पुष्टि नहीं की जा सकी। प्राचार्य के पत्र संख्या: शिक्षा – रा० महाविद्यालय –चुवाड़ी (लेखा )/2022 -289 दिनांक 09.01.23 द्वारा अवगत करवाया कि समस्त आपत्तियों का निपटारा आगामी अंकेक्षण में करवा दिया जायेगा। उत्तर सन्तोषजनक नहीं था। अत: स्टॉक प्रविष्टियों को न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाये तथा अपेक्षित प्रविष्टि को सम्बन्धित स्टॉक रजिस्टर में किया जाये अन्यथा निम्न खरीद हेतु भुगतान की गई **₹2508** की राशि को उचित स्त्रोत से वसूल कर सम्बन्धित निधियों में जमा करवाई जाये व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| निधि का नाम | वा सं | माह | फर्म का नाम | राशि | विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| मिश्रित निधि | 388 | 09/18 | | 2508 | 5 कापिस्टर ,3 टयूब,2 टयूब चौक,2 रोड |

14 **बिजली बिल हेतु ₹0.17 लाख का अनियमित भुगतान**

अंकेक्षण के दौरान वाउचर संख्या 445 दिनांक 04.07.19 की जाँच करने पाया गया कि मिश्रित निधि से ₹17446 के बिजली बिल का भुगतान किया गया जो हि०प्र० यूनिवर्सिटी आर्डिनेंस अमेनडेड सितम्बर 2002-XLII के अनुसार यह व्यय उक्त निधि पर वैद्य प्रभार नहीं है जोकि अनियमित था प्राचार्य के पत्र संख्या: शिक्षा – रा० महाविद्यालय –चुवाड़ी (लेखा )/2022 - 289 दिनांक 09.01.23 द्वारा अवगत करवाया कि समस्त आपत्तियों का निपटारा आगामी अंकेक्षण में करवा दिया जायेगा। उत्तर सन्तोषजनक नहीं था। अत: उक्त अनियमित व्यय को सक्षम अधिकारी की स्वीकृति उपरांत नियमित करवाया जाए अन्यथा उचित स्त्रोत से उक्त राशि की वसूली कर मिश्रित निधि में जमा किया जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए व भविष्य में नियमानुसार व्यय किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

5 **रोकड़ बही का सत्यापन न करना**

अंकेक्षण के दौरान जाँच में पाया गया कि निम्नलिखित निधियों की रोकड़ बहियों को प्राचार्य/आहरण एवं संवितरण अधिकारी द्वारा सत्यापित नहीं किया गया था जिसके अभाव में वसूली आय व किए गए व्यय की सत्यता की पुष्टि अंकेक्षण द्वारा नहीं की जा सकी। अत: रोकड़ बही को सत्यापित न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व अब इन रोकड़ बहियों को सम्बन्धित प्राचार्य से सत्यापित करवा कर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| रोकड़ बही/निधि का नाम | अवधि |
|---|---|
| मिश्रित निधि | 08/19 से 03/20 |
| रोवर एंड रेंजर निधि | यथोपरि |
| पुस्तकालय जमानत निधि | 04/20 से 03/21 |
| विषय प्रेक्टिकल निधि | 08/20 से 06/21 |

**स्टॉक का प्रत्यक्ष सत्यापन न किया जाना**

अभिलेख की जाँच करने पर पाया गया कि संस्थान के छात्र निधि खाते में से क्रय किये गए सामान की प्रत्यक्ष सत्यापना (फिजिकल वेरिफिकेशन) अंकेक्षण अवधि के दौरान कभी नहीं करवाई गई जबकि हिमाचल प्रदेश वित नियम की धारा 140 के अन्तर्गत स्टॉक में पडे सामान की प्रत्येक वर्ष प्रत्यक्ष सत्यापना करवाई जानी अपेक्षित थी। अत: नियमो की अनुपालना में स्टॉक

का प्रत्यक्ष सत्यापन न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाये तथा अविलम्ब स्टॉक में पड़े सामान का प्रत्यक्ष सत्यापन करवा कर भविष्य में वार्षिक सत्यापन करना सुनिश्चित करते हुए की गई कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

17 **लघु- आपत्ति विवरणिका :-**लघु आपत्तियों का मौके पर निपटारा कर दिया गया,यह संस्था को अलग से जारी नहीं की गई है।

18 **निष्कर्ष:-** लेखों के रख-रखाव में सुधार एवं कड़े निरीक्षण की आवयश्कता है।

ह०/-
(अनिल कुमार मेहरा)
उप निदेशक
हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग
शिमला–171009

3448

19 APR 2023

पृष्ठांकन संख्याः– फिन(एल0ए0)एच(2)सी(15)xi (7) 119/2003 खण्ड– दिनांक शिमला–09
प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ/आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निदेशक, (उच्चत्तर शिक्षा) शिक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश, शिमला–171001
2. अवर सचिव (उच्चत्तर शिक्षा) हि0प्र0 सरकार, शिमला–171002
3. प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय चुवाड़ी, जिला चम्बा, हिमाचल प्रदेश को इस आशय के साथ प्रेषित की जाती है कि वह इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर उचित कार्रवाई करके सटिप्पण उतर इस विभाग को एक माह के भीतर भेजना सुनिश्चित करें।

पंजीकृत

अनिल मेहरा
(अनिल कुमार मेहरा)
उप निदेशक
हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग
शिमला–171009

पैरा 1(iii) के सन्दर्भ में परिशिष्ट "क"

| अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 13-07-94 से 03/2002 | | |
|---|---|---|
| क्रम सं | पैरा सं | पैरे की स्थिति |
| 1. | पैरा-3 | अनिर्णीत |
| 2. | पैरा-4 | अनिर्णीत |
| 3. | पैरा-6(क,ख,ग) | अनिर्णीत |
| 4. | पैरा-7(1 व 2) | अनिर्णीत |
| 5. | पैरा-8 | अनिर्णीत |
| 6. | पैरा-11(क,ख) | अनिर्णीत |
| 7. | पैरा-12(क,ख,ग) | अनिर्णीत |
| 8. | पैरा-13 से 18 | अनिर्णीत |
| अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 04/2002 से 03/2008 | | |
| 1. | पैरा-4 | अनिर्णीत |
| 2. | पैरा-7 | अनिर्णीत |
| 3. | पैरा-9 | अनिर्णीत |
| 4. | पैरा-10 | अनिर्णीत |
| 5. | पैरा-11 | अनिर्णीत |
| 6. | पैरा-12 | अनिर्णीत |
| अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 04/2008 से 03/2012 | | |
| 1. | पैरा-5 | अनिर्णीत |
| 2. | पैरा-6 | अनिर्णीत |
| 3. | पैरा-7 | अनिर्णीत |
| 4. | पैरा-8 | अनिर्णीत |
| 5. | पैरा-9 | अनिर्णीत |

| | | |
|---|---|---|
| 6. | पैरा-10 | अनिर्णीत |
| 7. | पैरा-11 | अनिर्णीत |
| 8. | पैरा-12(i,ii,iii) | अनिर्णीत |
| 9. | पैरा-13 | अनिर्णीत |
| 10. | पैरा-14 | अनिर्णीत |
| **अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 04/2012 से 03/2018** | | |
| 1. | पैरा-3 | निर्णीत |
| 2. | पैरा-5(क,ख) | निर्णीत (कार्यवाही देख ली गई है) |
| 3. | पैरा -6 | निर्णीत (कार्यवाही देख ली गई है) |
| 4. | पैरा-7 | अनिर्णीत |
| 5. | पैरा-8 (i से iii) | निर्णीत (कार्यवाही देख ली गई है) |
| 6. | पैरा -9 | निर्णीत (कार्यवाही देख ली गई है) |
| 7. | पैरा-10 | निर्णीत (कार्यवाही देख ली गई है) |
| 8. | पैरा-11 | निर्णीत (कार्यवाही देख ली गई है) |
| 9. | पैरा-12 | अनिर्णीत |
| 10. | पैरा-13 (क) | अनिर्णीत |
| 11. | पैरा-13 (ख) | आंशिक निर्णित |
| 12. | पैरा-14 | अनिर्णीत |
| 13. | पैरा-15 | अनिर्णीत |
| 14. | पैरा-16 | अनिर्णीत |
| 15. | पैरा-17 | अनिर्णीत |
| 16. | पैरा-18 | अनिर्णीत |
| 17. | पैरा-19 | अनिर्णीत |

| | | |
|---|---|---|
| 18. | पैरा-20 | अनिर्णीत |
| 19. | पैरा-21 | अनिर्णीत |
| 20. | पैरा-22 | अनिर्णीत |
| 21. | पैरा-23 | अनिर्णीत |

| **अनिर्णीत पैरों का सार** | **पैरों की संख्या** |
|---|---|
| गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के अनुसार अनिर्णीत पैरे | 56 |
| वर्तमान अंकेक्षण अवधि के अंकेक्षण प्रतिवेदन में लगाए गए पैरे | (+)16 |
| **कुल पैरे** | **72** |
| अंकेक्षण के दौरान निर्णित किए गए पैरे | 06 |
| **अन्त शेष (दिनांक 31-3-22 तक )** | **66** |

Red cross Fund Finacial Position as on 31-03-22

| YEAR | OPENING BAL | INCOME | INTEREST | TOTAL | EXPENDITURE | Transfer | CLOSING BAL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2018-19 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 2019-20 | 0.00 | 45380.00 | 1314.00 | 46694.00 | 2496.00 | 0.00 | 44198.00 |
| 2020-21 | 44198.00 | 39960.00 | 2059.00 | 86217.00 | 0.00 | 0.00 | 86217.00 |
| 2021-22 | 86217.00 | 49080.00 | 1492.00 | 136789.00 | 2040.00 | 0.00 | 134749.00 |

DETAIL OF BANK BAL AS ON 31-03-22

| | | |
|---|---|---|
| Bal as per Pass Book Account No. 18010122195 as on 31.03.22 | 134749.00 | |

University Fund Finacial Position as on 31-03-22

| YEAR | OPENING BAL | INCOME | INTEREST | TOTAL | EXPENDITURE | Transfer | CLOSING BAL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2018-19 | 1364284.86 | 639518.00 | 60951.00 | 2064753.86 | 353262.00 | 0.00 | 1711491.86 |
| 2019-20 | 1711491.86 | 223480.00 | 56732.00 | 1991703.86 | 110611.00 | 0.00 | 1881092.86 |
| 2020-21 | 1881092.86 | 132238.00 | 52584.00 | 2065914.86 | 63400.00 | 0.00 | 2002514.86 |
| 2021-22 | 2002514.86 | 146580.00 | 56341.00 | 2205435.86 | 103690.00 | 0.00 | 2101745.86 |

DETAIL OF BANK BAL AS ON 31-03-22

| | | |
|---|---|---|
| Bal as per Pass Book Account No. 11522428090 as on 31.03.22. | 2101745.86 | |

Sports Fund Finacial Position as on 31-03-22

| YEAR | OPENING BAL | INCOME | INTEREST | TOTAL | EXPENDITURE | Transfer | CLOSING BAL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2018-19 | 237623.00 | 255084.00 | 5940.00 | 498647.00 | 88223.00 | 200000.00 | 210424.00 |
| 2019-20 | 210424.00 | 264269.00 | 18715.00 | 493408.00 | 112692.00 | 0.00 | 380716.00 |
| 2020-21 | 380716.00 | 239760.00 | 16002.00 | 636478.00 | 0.00 | 0.00 | 636478.00 |
| 2021-22 | 636478.00 | 282566.00 | 10745.00 | 929789.00 | 32769.00 | 0.00 | 897020.00 |

DETAIL OF BANK BAL AS ON 31-03-22

| | | |
|---|---|---|
| Bal as per Pass Book Account No. 18010120505 as on 31.03.22 | | 897020.00 |

Assistant Controller (Audit)
State Audit Deptt. (H.P.)
Shimla - 171009

RR Fund Finacial Position as on 31-03-22

| YEAR | OPENING BAL | INCOME | INTEREST | TOTAL | EXPENDITURE | Transfer | CLOSING BAL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2018-19 | 275001.00 | 68052.00 | 2688.00 | 345741.00 | 16751.00 | 200000.00 | 128990.00 |
| 2019-20 | 128990.00 | 74952.00 | 1122.00 | 205064.00 | 77672.00 | 0.00 | 127392.00 |
| 2020-21 | 127392.00 | 59940.00 | 5654.00 | 192986.00 | 1370.00 | 0.00 | 191616.00 |
| 2021-22 | 191616.00 | 76730.00 | 3314.13 | 271660.13 | 6232.00 | 0.00 | 265428.13 |

DETAIL OF BANK BAL AS ON 31-03-22

| | | |
|---|---|---|
| Bal as per Pass Book Account No. 11522427799 as on 31.03.22 | 265428.13 | |

NCC Fund Finacial Position as on 31-03-22

| YEAR | OPENING BAL | INCOME | INTEREST | TOTAL | EXPENDITURE | Transfer | CLOSING BAL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2018-19 | 20991.00 | 28800.00 | 499.00 | 50290.00 | 16250.00 | 0.00 | 34040.00 |
| 2019-20 | 34040.00 | 25251.00 | 2355.00 | 61646.00 | 8240.00 | 0.00 | 53406.00 |
| 2020-21 | 53406.00 | 37322.00 | 1895.00 | 92623.00 | 43455.00 | 0.00 | 49168.00 |
| 2021-22 | 49168.00 | 101309.00 | 1909.00 | 152386.00 | 66460.00 | 0.00 | 85926.00 |

DETAIL OF BANK BAL AS ON 31-03-22

| | | |
|---|---|---|
| BAL AS PER CASH BOOK AS ON 31-03-22 | | 85926.00 |
| LESS | CHEQUE NO.955415 ISSUED ON DATE 17.11.20 BUT NOT CLEARED BY BANK TILL 31-03-22 | 1050.00 |
| Bal as per Pass Book Account No. 18010120228 as on 31.03.22 | | 86976.00 |

Assistant Controller (Aud't)
State Audit Dept. (H.P.)
Shimla - 171009

Principal,
Government College, Chowari
Distt. Chamba (H.P.)
Pin Code—176302

Amlgamated fund Finacial Position as on 31-03-22

| YEAR | OPENING BAL | INCOME | INTEREST | TOTAL | EXPENDITURE | Transfer | CLOSING BAL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2018-19 | 1714392.00 | 681540.50 | 37049.00 | 2432981.50 | 566305.00 | 1500000.00 | 366676.50 |
| 2019-20 | 366676.50 | 686367.00 | 52635.00 | 1105678.50 | 524924.00 | 0.00 | 580754.50 |
| 2020-21 | 580754.50 | 554267.00 | 26413.00 | 1161434.50 | 69377.00 | 0.00 | 1092057.50 |
| 2021-22 | 1092057.50 | 720690.00 | 19075.00 | 1831822.50 | 125620.00 | 0.00 | 1706202.50 |

DETAIL OF BANK BAL AS ON 31-03-22

| | | |
|---|---|---|
| Bal as per Pass Book Account No. 18010101964 as on 31.03.22 | 1706202.5 | |
| FDR as on 31.03.2022 | | |
| Total | | |

Library fund Finacial Position as on 31-03-22

| YEAR | OPENING BAL | INCOME | INTEREST | TOTAL | EXPENDITURE | Transfer | CLOSING BAL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2018-19 | 512048.00 | 45761.00 | 17521.38 | 575330.38 | 413.00 | 400000.00 | 174917.38 |
| 2019-20 | 174917.38 | 43177.00 | 4708.00 | 222802.38 | 20232.00 | 0.00 | 202570.38 |
| 2020-21 | 202570.38 | 38800.00 | 6117.00 | 247487.38 | 0.00 | 0.00 | 247487.38 |
| 2021-22 | 247487.38 | 47516.00 | 7462.00 | 302465.38 | 0.00 | 0.00 | 302465.38 |

DETAIL OF BANK BAL AS ON 31-03-22

| | | |
|---|---|---|
| Bal as per Pass Book Account No. 11522428103 as on 31.03.22 | | 302465.38 |

Practical Fund Finacial Position on 31-03-22

| YEAR | OPENING BAL | INCOME | INTEREST | TOTAL | EXPENDITURE | Transfer | CLOSING BAL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2018-19 | 1029085.00 | 183705.00 | 21608.50 | 1234398.50 | 96495.00 | 800000.00 | 337903.50 |
| 2019-20 | 337903.50 | 163020.00 | 35606.00 | 536529.50 | 10747.00 | 0.00 | 525782.50 |
| 2020-21 | 525782.50 | 161560.00 | 19236.00 | 706578.50 | 11500.00 | 0.00 | 695078.50 |
| 2021-22 | 695078.50 | 171445.00 | 11123.00 | 877646.50 | 14825.00 | 0.00 | 862821.50 |

DETAIL OF BANK BAL AS ON 31-03-22

| | | |
|---|---|---|
| Bal as per Pass Book Account No. 18010104283 as on 31.03.22 | | 862821.50 |

Assistant Controller (Audit)
State Audit Dept. (H.P.)
Shimla - 171009

Principal,
Government College, Chowari
Distt. Chamba (H.P.)

परिशिष्ट = "ख"   पैरा सं:- 4 के सन्दर्भ में

Consolidated Finacial Position of all funds as on 31-03-22

| YEAR | OPENING BAL | INCOME | INTEREST | TOTAL | EXPENDITURE | Transfer | CLOSING BAL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2018-19 | 5153424.86 | 1902460.50 | 146256.88 | 7202142.24 | 1137699.00 | 3100000.00 | 2964443.24 |
| 2019-20 | 2964443.24 | 1525896.00 | 173187.00 | 4663526.24 | 867614.00 | 0.00 | 3795912.24 |
| 2020-21 | 3795912.24 | 1263847.00 | 129960.00 | 5189719.24 | 189102.00 | 0.00 | 5000617.24 |
| 2021-22 | 5000617.24 | 1595916.00 | 111461.13 | 6707994.37 | 351636.00 | 0.00 | 6356358.37 |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

DETAIL OF BANK BAL AS ON 31-03-22

| S.NO | BANK NAME | FUND NAME | ACCOUNT NO. | AMOUNT |
|---|---|---|---|---|
| 1 | HPSCB | AMLGAMATED | 18010101964 | 1706202.50 |
| 2 | HPSCB | sports | 18010120505 | 897020.00 |
| 3 | SBI | library | 11522428103 | 302465.38 |
| 4 | HPSCB | pratical | 18010104283 | 862821.50 |
| 5 | HPSCB | redcroos | 18010122195 | 134749.00 |
| 6 | SBI | university | 11522428090 | 2101745.86 |
| 7 | SBI | RR | 11522427799 | 265428.13 |
| 8 | SBI | NCC | 18010120228 | 86976.00 |
| | | TOTAL | | 6357408.37 |

| | | |
|---|---|---|
| BAL AS PER CASH BOOK AS ON 31-03-22 | | 6356358.37 |
| LESS | CHEQUE NO.955415 ISSUED ON DATE 17.11.20 BUT NOT CLEARED BY BANK TILL 31-03-22 | 1050.00 |
| | BANK BAL AS ON 31-03-22 | 6357408.37 |

FDR NOT INCLUDE IN CASH BOOK TILL 31-03-22

Assistant Controller (Audit)
State Audit Dept. (H.P.)
Shimla - 171009

Principal,
Government College, Chowari
Distt. Chamba (H.P.)
Pin Code—176302

परिशिष्ट = "ग" पैरा न:- 5 के सन्दर्भ में

# FDR position of various funds as on 31-03-2022

| Sr. No. | Date of Inv. | Inv.Amount | Date of Maturity | Maturity Amt. | Interest | Bank | Fund |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 07/02/2022 | 613002 | 7/02/2025 | 680403 | 5.25% | HPSCB | A/F |
| 2 | 07/02/2019 | 500000 | 07/02/2024 | 703921 | 6.90% | HPSCB | A/F |
| 3 | 07/02/2020 | 535140 | 07/02/2023 | 639823 | 6.00% | HPSCB | A/F |
| 4 | 07/02/2022 | 245201 | 07/02/2023 | 272161 | 5.25% | HPSCB | S/F |
| 5 | 07/02/2022 | 490402 | 07/02/2024 | 544323 | 5.25% | HPSCB | Sub/F |
| 6 | 07/02/2022 | 490402 | 07/04/2024 | 544323 | 5.25% | HPSCB | Sub/F |
| 7 | 07/02/2022 | 238884 | 06/02/2023 | 251302 | 5.1% | SBI | R/R |
| 8 | 07/02/2022 | 477766 | 06/02/2023 | 502602 | 5.1% | SBI | Lib/F |
| | Total | 3590797 | | 4138858 | | | |

Principal
Govt. Degree College [redacted] Chowari
Distt. Chamba (H.P.)

Assistant Controller (Audit)
State Audit Dept. (H.P.)
Shimla - 171009